

संदीप माहेश्वरी जी के विचार

सुदर्शन

परिचय

संदीप माहेश्वरी एक ऐसा नाम है जो सफलता, खुशी और संतुष्टि की खोज में आगे बढ़े, असफल रहे और लेकिन फिर से आगे बढ़े।
किसी भी मध्यम वर्ग के लड़के की तरह, उनके पास भी अस्पष्ट सपने थे और जीवन में अपने लक्ष्यों को लेकर एक धुंधली दृष्टि थी।
जीवन में काफी उतार चढ़ाव के बाद उन्होंने अपने जीवन का सही अर्थ समझा।

वे अपने प्रेरणादायक सेमिनार और भाषणों से पूरे विश्व में सबके चहेते हैं। संदीप ने बहुत ही साधारण परिवार में कई मुश्किलों का सामना किया, मगर उन्होंने हार नही मानी और आगे बढ़ते हुए, आखिर में सफलता प्राप्त की।
वे अपने असफलताओं के अनुभव से हजारों लोगों को सफलता प्राप्त करने में एक गाइड की भूमिका निभाते हैं।
आज उनके काम के चाहने वाले देश के साथ बाहर के देशों से भी लाखों लोग हैं।
उनकी एक कंपनी है जो फोटो बेचने का काम करती है।

उस वेबसाइट का नाम इमेजेसबाज़ार.कॉम है जिसका टर्नओवर आज करोड़ों में है। इस वेबसाइट के अंदर हज़ारों फोटोज हैं, एक बार खोलकर देखिएगा जरूर।बहुत कम लोग होते हैं इस दुनिया में जिनका काम बहुत कुछ बोलता है उनके बारे में,
इस किताब में उनके विचार हैं जो उन्होंने अपने जीवन में कहे, अनुभव किये हैं।

अगर कोई त्रुटि होती है तो क्षमा कीजियेगा, उम्मीद करते हैं आपको संदीप जी के विचारों से जीवन में बहुत कुछ सिखने का मौका मिलेगा।

जिन शब्दों के पीछे स्टार ‘*’ बना हुआ है, उन शब्दों का अर्थ विचार के बाद लिखा हुआ है।

किताब पढ़ने के लिए आपका धन्यवाद!

विचार

1. “यदि कोई भी चीज आपके पास जरूरत से ज्यादा है तो आप इसे उन लोगों से साझा करिए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।”

2. “जैसा आप सोचोगे वैसा ही बनोगे, तो इसलिए सोच हमेशा बड़ी रखो।”

3. “कोई भी सफलता अनुभव से आती है और अनुभव अपनी गलतियों यानी ‘बेड एक्सपीरियंस’ * से आता है।”
*बेड एक्सपीरियंस - बुरा अनुभव,

4. “अपने आप को खुद की नजरो में उठाईये, जो इन्सान खुद की नजरों में उठ गया वो फिर दुनिया की नजरो में अपने आप उठ सकता है।”

5. “जीवन में पैसे का उतना ही महत्व है जितना की आपकी कार में पेट्रोल, ना इसकी मात्रा कम हो और न ही ज्यादा।”

6. “एक बात आप हमेशा याद रखना आप अपनी ‘प्रॉब्लम्स’ * से कई गुना बड़े हो, अपनी ‘प्रॉब्लम्स’ का डटकर सामना करना सीखें।”
*प्रॉब्लम्स - समस्या, दिक्कत,

7. “जो भी मन में आए, उसे खुलकर पूरे मन से करो क्यूँकि एक बार वक्त गुजर गया तो वो वक्त फिर दोबारा नही आने वाला है।”

8. “एक बात हमेशा याद रखना जो भी होता है वोहमेशा अच्छे के लिए ही होता है।”

9. “जिस व्यक्ति का ‘डिजायर’ * जितना अधिक बड़ा होगा उसकी सक्सेस* भी उतनी ही अधिक बड़ी होगी।”
*डिजायर - इच्छा, *सक्सेस - सफलता,

10. “कभी खुद को कम मत समझो, आप जितना सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा आप कर सकते हैं।”

11. “यदि आप उस व्यक्ति की खोज कर रहे हैं जो आपकी ज़िन्दगी बदल देगा, तो आप आईने में खुद को देख लें।”

12. “जो लोग अपना दिमाग नही बदल सकते, वे कुछ भी नही बदल सकते हैं।”

13. “जिस व्यक्ति ने अपनी आदत को बदल दिया है, उसका आने वाला कल बदल जाएगा और वह व्यक्ति जो कल तक भी अपनी आदत नही बदलेगा तो उस व्यक्ति के साथ वही होगा जो हमेशा से होता आ रहा है।”

14. “अच्छा कहो, अच्छा सुनो, अच्छे बनो और अच्छे दिखो”

15. “आप जिस काम में अपना 100% देते हैं तो निश्चित ही आप उस काम में सफल भी होंगे।”

16. “जिन्दगी की दौड़ में हमें न भागना है न रुकना है, बस लगातार चलते रहना है।”

17. “आप जैसा सोचेंगे वैसे ही आप बन जायेंगे।”

18. “चाहे तालियाँ मिले या गालियाँ, इससे क्या फर्क पड़ता है फिर चाहे ‘सक्सेस’ मिले या ‘फेलियर’ * क्याफर्क पड़ता है! बस आप अपना काम करते जाईये क्यूँकि कोई भी काम छोटा या बड़ा नही होता।”

*फेलियर - असफलता,

19. “अरे भाई मिलेगा, इतना मिलेगा कि आप सपने में भी नही सोच सकते हैं, पहले खिलाड़ी तो बनो, अपनी ‘फील्ड’ * के पक्के खिलाड़ी।”